This question paper contains 8 printed pages]

*Your Roll No.* ..................................

**5865**

**LL.B./VI Term** **C**

Paper LB-6044—LAW RELATING TO ELECTIONS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :—* Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *five* questions.

*All* questions carry equal marks.

कोई **पाँच** प्रश्न कीजिये ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

P.T.O.

1. Critically analyse the anti-defection law in India. Who can file a petition under the Tenth Schedule of the Constitution of India ? Can the following members of the Lok Sabha be disqualified under the Tenth Schedule ?

(*a*) A independent member is appointed a minister in the Central Government.

(*b*) A member who has been declared "unattached" by the Speaker forms a new political party.

भारत में दल-बदल विधि का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए । भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची के अन्तर्गत याचिका कौन दाखिल कर सकता है ? क्या दसवीं अनुसूची के अन्तर्गत लोकसभा के निम्नलिखित सदस्य अयोग्य हो सकते हैं ?

(*a*) एक स्वतंत्र सदस्य की केन्द्रीय सरकार में मंत्री के रूप में नियुक्ति ।

(*b*) एक सदस्य जो स्पीकर द्वारा असम्बद्ध घोषित होने पर एक नया राजनीतिक दल बनाता है ।

2. What are the principal tests for deciding that an office of profit is held "under the government" ? Can the following persons be disqualified Under Art. 102 (1) (*a*) or Art. 191 (1) (*a*) of the Constitution of India :

(*a*) An accountant in the Municipal Corporation of Delhi.

(*b*) An assistant teacher in a primary school run by the Uttar Pradesh Board of Basic Education.

'सरकार के अधीन लाभ का पद' विनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षण क्या हैं ? क्या निम्नलिखित व्यक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (*a*) या अनुच्छेद 191 (1) (*a*) के अन्तर्गत अयोग्य हो सकते हैं ?

(*a*) दिल्ली नगर-निगम में एक लेखाकार ।

(*b*) उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे प्राथमिक विद्यालय में एक सहायक शिक्षक ।

3. Discuss the composition, powers and functions of the Election Commission of India. What are the grounds on which the Election Commission can de-register a political party ?

भारत के निर्वाचन आयोग के संघटन, शक्तियों और कार्यों की विवेचना कीजिए । किन आधारों पर निर्वाचन आयोग एक राजनीतिक दल को अपंजीकृत कर सकता है ?

4. Discuss the validity of the following nominations :

(*a*) The candidate has not attached the affidavit disclosing his criminal antecedents, assets, liabilities and educational qualifications.

(*b*) The candidate has furnished false information or has suppressed information in such affidavit.

(*c*) The proposer has failed to mention the name of the constituency in the nomination paper filed in a general election.

निम्नलिखित नामांकनों की वैधता की विवेचना कीजिए :

(*a*) उम्मीदवार जिसने आपराधिक इतिवृत, सम्पत्तियों, देनदारियों तथा शैक्षिक योग्यताओं को दर्शाने वाला शपथ-पत्र संलग्नित नहीं किया हो ।

(*b*) उम्मीदवार जिसने शपथपत्र में गलत सूचना दी हो या सूचना को छिपाया हो ।

(*c*) प्रस्तावक जो आम चुनाव में भरे गए नामांकन-पत्र में निर्वाचन क्षेत्र के नाम को दर्शाने में असफल रहा हो ।

5. (*a*) Who can file an election petition under the R.P. Act, 1951 ? Who all would be necessary parties to such petition and what are the consequences of non-joinder of such parties ?

(*b*) Discuss the Constitutional principles for delimitation of constituencies in India. Can the order of the Delimitation Commission reserving a parliamentary constituency for scheduled castes be challenged in any Court ?

(*a*) आर.पी. एक्ट, 1951 के तहत चुनाव याचिका कौन दायर कर सकता है ? उस याचिका में अनिवार्य पक्षकार कौन-से होंगे तथा उन पक्षकारों के असंयोजित होने के क्या परिणाम हैं ?

(*b*) भारत में निर्वाचन क्षेत्र के सीमा निर्धारण से सम्बंधित संवैधानिक सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए । क्या सीमा निर्धारण आयोग के अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के आदेश को किसी भी न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है ?

6. (*a*) What is a recriminatory petition ? When and how can it be filed under the R.P. Act, 1951 ?

(*b*) Rajesh, an MLA, is convicted by a Sessions Court under 304B, Indian Penal Code and Sentenced to imprisonment for seven years. He files an appeal in the High Court. Pending his appeal, the High Court grants a stay on execution of his sentence and grants him bail. Meanwhile the Assembly is dissolved. Can Rajesh contest the elections ? Can he be appointed a Minister ?

(*a*) प्रत्यारोपी याचिका क्या होती है ? इसको आर.पी. एक्ट, 1951 के अन्तर्गत कब और कैसे दायर किया जा सकता है ?

(*b*) राजेश एक विधायक है जो कि सत्र न्यायालय द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 304B के अन्तर्गत दोषी करार दिया जाता है तथा उसे सात वर्ष के कारावास की सजा दी जाती है । वह उच्च न्यायालय में अपील दायर करता है । अपील के लम्बित रहते हुए, उच्च न्यायालय

उसकी सजा के निष्पादन पर रोक लगाता है तथा उसे जमानत प्रदान करता है । उसी दौरान एसेम्बली भंग हो जाती है । क्या राजेश चुनाव लड़ सकता है ? क्या उसे मंत्री नियुक्त किया जा सकता है ?

7. "When the state allows citizens to practise and profess their religion, it does not explicitly or implicitly allow them to introduce religion into non-religious and secular activities of the state like elections." Elucidate with reference to Sections 123 (3) and 123 (3A) of the R.P. Act, 1951 and the *Hindutva* judgements of the Supreme Court of India.

"जब राज्य नागरिकों को अपना धर्म मानने तथा प्रदर्शित करने की अनुमति देता है, परन्तु यह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें राज्य के गैर-धार्मिक तथा धर्म-निरपेक्ष जैसे कि चुनाव में धर्म को शामिल करने की अनुमति नहीं देता है ।" आर. पी. एक्ट, 1951 की धारा 123 (3) तथा 123 (3A) तथा भारतीय उच्चतम न्यायालय के हिन्दुत्व निर्णयों के संदर्भ में इसकी व्याख्या कीजिए ।

8. Write short notes on any *two* of the following :

(*a*) Undue influence as a corrupt practice under the R.P. Act, 1951.

(*b*) Grounds on which the election of the President of India can be challenged.

(*c*) Consequences of improper acceptance and improper rejection of a nomination paper under the R.P. Act, 1951.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*a*) आर. पी. एक्ट, 1951 के अन्तर्गत अनावश्यक प्रभाव एक भ्रष्ट आचरण के रूप में ।

(*b*) आधार जिन पर भारत के राष्ट्रपति के चुनाव को चुनौती दी जा सकती है ।

(*c*) आर. पी. एक्ट, 1951 के अन्तर्गत एक नामांकन-पत्र के असंगत स्वीकृति तथा असंगत अस्वीकृति के परिणाम ।